तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024

11 प्रधानमंत्री आवास में विद्यालय का संचालन...

12 प्रधानमंत्री मोदी हर वर्ग के लिए कर रहे काम : सांसद




प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

### अधिकारी ने कहा- दूर सही रास्ता तो है, बारिश भर का राशन पानी रख ले

**अधिकारी की बेरूखी से लोगों में नाराजगी**

# बेलर- परसट्ठी पुल का निर्माण अधूरा बारिश से बढ़ी मुसीबत, गांवों का टूट संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

जिले के फिंगेश्वर अन्तर्गत बेलर से बारूला परसट्ठी सेंदर होकर फिर्गेश्वर पहुंच मार्ग पर ग्राम बारूला के दोनों छोर में एक बेलर मार्ग दूसरा परसट्ठी मार्ग में

मार्ग पर चल रहे पुल निर्माण का काम बारिश से पहले पूरा नहीं हुआ तो बारिश में दर्जनों गांव का आवागमन बंद हो जाएगा। इसकी आशंका आम जनता ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अधिकारी गरियाबंद एवं ठेकेदार से कही थी। और उनकी बातों को अनसुना कर दिया। परिणाम स्वरूप शुक्रवार की बारिश से बारूला निवासीयों का इस मार्ग से आना-जाना बंद हो गया है। यहां तक बारूला के स्कूली बच्चे हाई स्कूल सेंदर और हाई स्कूल बेलर नहीं जा पा रहे हैं। अब स्कूल जाने के 10 गुना लम्बी दूरी तय करना होगा। क्योंकि बनाए गए डायर्वसन मार्ग पूरी ध्वस्त हो गया है। विभाग के अधिकारी जितेंद्र चंद्राकर सहजता से कह रहे कि काम है काम जैसा होता है। दूर सही कहीं से रास्ता तो है। ज्यादा हो तो बारिश भर के लिए राशन पानी रख ले। अधिकारी की बेरूखी व्यवहार से लोगों में नाराजगी देखा गया है। वहीं रात्रि में कोई अचानक नदी में किसी अनहोनी घटना का शिकार न हो इसलिए पर्याप्त लाइट व्यवस्था करने की मांग की गई है। अभी अंधेरा में किसी को भी धोका हो सकता है। हालांकि अब अधिकारी 2-3 दिन में बारिश थमी तो मजबूत आप्शन वैकल्पिक रोड बनाने की बात कह रहे हैं। आज के हालात देखकर यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि अभी पुल का काम पूरा करने में कई महीने का समय लग जायेगा। बारूला के दोनों पुल जिस धीमी गति से पुल का निर्माण चल रहा है उस हिसाब से पुल निर्माण में कई महीने लग जाएंगे। यहां पेटी ठेकादार की जिम्मे पर पुल बन रहा है।




**डायर्वसन सड़क बनायेंगे**

बारिश थमने के बाद मजबूत डायर्वसन सड़क बनायेंगे।
**जितेन्द्र चन्द्राकर**, सब इंजीनियर

**गांव के तालाब के फूटने का खतरा**

इस रास्ते से ही सैकड़ों गांवों को जोड़ती है और छोटे बड़े परिवहन भी लगातार चलती है।

अब ग्रामीणों को पुल अधूरा होने के साथ पुल जिस मुहमेंट में बनाया जा रहा जिससे भय सताने लगा है कि पानी का बहाव नया मार्ग बना ले जिससे गांव के तालाब फूटने का खतरा है। कई लोगों ने तो पुल निर्माण कार्य धीमी गति से चलने की शिकायत सीएम जन दर्शन पर दर्ज कराने विचार बनाया है।

## जिला सहित अंचल में 2 घंटे तक झमाझम बारिश



**गरियाबंद**। जिला मुख्यालय सहित अंचल में लगभग 2 घंटे तक झमाझम बारिश हुई है। बारिश होने से किसानों ने खुशी जाहिर किया है। अब खेती किसानी के काम में तेजी आएगी। बारिश नहीं होने से धान बोवाई के काम पिछड़ गए थे पर बारिश होने से किसान खेतों में जोताई- मताई के साथ धान रोपाई के काम में जुटेंगे।

आषाढ़ माह के पहली बरसात ने गर्मी से बेहाल जनजीवन को बड़ी राहत दी है। इसके साथ ही बारिश का इंतजार भी खत्म हो गया। शुक्रवार रात और शनिवार शाम को तेज रफ्तार से बारिश हुई है। झमाझम व मूसलाधार बारिश से किसानों को काफी फायदा हुआ। बारिश के इंतजार में बैठे किसान आकाश में घने बादलों को देखते ही मचल उठे और आनन- फानन में खेत की तैयारी में जुट गये। खेतों को पानी मिलते ही धान के साथ मक्का आदि की खेती का काम शुरू हो गया है। किसानों का कहना है कि देर से ही सही बारिश ने खेती की मुश्किल को आसान कर दिया है। गरियाबंद में बारिश ने हाल बेहाल कर दिया। नाली जाम होने से लोगों को मुश्किलें बढ़ गई थी। ऐसे में पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन बरसते पानी में जेसीबी मशीन लेकर नाली में फंसे कचड़ा निकालने पहुंच गए।

## झमाझम बारिश से खेत खलिहान हुए लबालब

**पाण्डुका**। अंचल में बीते शुक्रवार शाम से काले बादल ऐसा मेहरबान हुए की अंचल के किसानो की चेहरों में खुशियां ला दी है। बुंदों की बौछार के साथ रात लगभग 2 बजे तक रुक- रूक कर जमकर बरसे बादल खेतों में लबालब पानी देख किसानों की चहेरे की मुस्कान वापस आ गया। बता दें कि ग्रीष्म कालीन समय में धान का रबि फसल लगाया गया था उस खेतों में पानी के अभाव में बोवाई संभव नहीं हो पा रहे थे और किसान लंबे समय से पानी के आस में इंतजार कर रहे थे और आज उपर वाले ने इन किसानों की दुःख मानो महसूस कर पानी की ऐसी बौछार की खेतों में लबालब पानी भर गया जहां बोर सुविधा उपलब्ध है उन खारो में बाढ की स्थिति निर्मित हो




गए। खेतो के मेड के ऊपर से पानी बह रहा तथा कई खेतों में मेडों को अपने साथ बहा कर ले गए। जहां झमाझम बारिश से खेत में जान आ गया तो दूसरी तरफ अब खेतो की पानी निकालने की समस्या उत्पन्न हो गया क्योंकि नाली की सफाई नहीं होने एवं खेतों की सतह नाली से नीचे होने के कारण व समय पर नाली की सफाई नहीं होने से किसानों के खेतों का पानी निकल नहीं पा रहा है। धान की फसल सड़ने की डर सता रहा है लगातार किसानों के मांग के बाद भी नाली की सफाई नहीं होने के चलते खेतों से पानी निकालने की समस्या हो रही हैं।

## खबर संक्षेप

### खट्टी में फांसी के फंदे पर झूला युवक

**महासमुंद**। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खट्टी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि 11-12 जुलाई की दरमियानी रात राजेश दास पिता तुलसीदास मानिकपुरी (26 साल) निवासी ग्राम खट्टी ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सूचना बसंत दास ने थाने में दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### कार की ठोकर से तीन लोग घायल

**महासमुंद**। सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट के पास कार की ठोकर से बाइक सवार पति-पत्नी और बच्चा घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम ढाबाखार निवासी कृष्ण कुमार केंवट 13 जून को अपनी पत्नी व बेटे को ग्राम कौड़िया से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीबी 4677 स्प्लेंडर प्लस में बिठाकर अपने घर ग्राम ढाबाखार के लिए निकला था। ग्राम लोहराकोट एनएच 53 के पास पहुंचने पर पिथौरा की ओर से कार क्रमांक सीजी 22 यू 4373 के चालक ने पीछे से बाइक को ठोकर मार दिया। हादसे में तीनों घायल हो गए। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध कायम किया गया है।

### एक महिला सहित दो लोगों ने लगाई फांसी

**महासमुंद**। पिथौरा थाना क्षेत्र की दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित दो लोगों ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 12 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे लीलाधर सिन्हा पिता दुजेराम (35 साल) निवासी महलपारा पिथौरा ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली, वहीं दूसरी घटना ग्राम सोनासिल्ली की है, जहां जानकी ध्रुव पति शिवलाल (42 साल) निवासी ग्राम सोनासिल्ली ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने दोनों ही मामलों की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मामूली बात को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम बेमचा में दो लोगों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने बताया कि ओमकार देवांगन 12 जुलाई 2024 को सुबह करीबन 11 बजे वह ग्राम बेमचा के चोपड़ा राइस मिल के पास नरेंद्र देवांगन के साथ बैठकर आपस में बातचीत कर रहा था, उसी समय नरेंद्र देवांगन मुझसे बदतमीजी से बात करता है कहकर गुस्से में आ गया ।

## कन्या आश्रम स्कूल में दर्ज संख्या 50, आते हैं सिर्फ दो





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या कक्षा 1ली से लेकर 5वी तक 50 है। लेकिन सिर्फ दो ही बच्चे आते हैं बाकी बच्चे नहीं आ रहे हैं और बाकी अन्य गतिविधि भी नहीं हो रही है। ड्रेस, पुस्तक भी नहीं बटा है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में स्कूलों के शिक्षा के गुणवत्ता क्या होगी और शासन प्रशासन जो शिक्षा गुणवत्ता के लिए रोज बैठक कर दिशा निर्देश प्रदान करते हैं उनके लिए निश्चित रूप से देखने योग्य बात है कि उनके निर्देशों का आखिर किस तरह से पालन किया जा रहा है, नगर के आदिवासी कन्या आश्रम के साथ ही कन्या छात्रावास का भी संचालन होता है। यहां पर दूसरे गांव के भी बच्चे रहने एवं पढ़ने आते हैं। लेकिन उनके रहने की व्यवस्था नहीं होने की वजह से बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं और स्कूल के सभी गतिविधियां लगभग बंद है और छात्रावास कब प्रारंभ होगा इसे बताने वाला कोई नहीं है।

स्कूल के प्रधान पाठिका ने बताया कि यहां 50 बच्चे हैं लेकिन मात्र 2 ही बच्चे स्कूल आ रहे हैं जो नगर के हैं बाकी बच्चे अन्य गांव के हैं जो यहां निवास में रहकर पढ़ते हैं। लेकिन छात्रावास पर मरम्मत के कार्य चल रहे हैं, इसलिए बच्चे नहीं आने से सभी गतिविधियां लगभग बंद है। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि जिला प्रशासन इस दिशा में कार्यवाही करें और छात्रावास मरम्मत होते तक के उन्हें अन्य भवनों में रहने की व्यवस्था प्रदान करें ताकि बच्चों का नियमित स्कूल जाना एवं पढ़ाई सुचारू रूप से हो सके ।

## शिक्षक भेजने के लिखित आश्वासन पर रसेला स्कूल में तालाबंदी स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

माध्यमिक शाला रसेला में शिक्षक के कमी के चलते 12 जुलाई को विकासखंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षक व्यवस्था नहीं होने के कारण 15 जुलाई को शाला विकास प्रबंधन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा ताला बंदी करने का आवेदन दिया गया था।

जिसमें 13 जुलाई को विकासखंड शिक्षा अधिकारी किसुन लाल मतवाले माध्यमिक शाला रसेला पहुंचकर शिक्षक संबंधी पालकगण और जनप्रतिनिधियों का बैठक रख कर युक्तिकरण के पश्चात शिक्षक देने की बात कही गई। तभी



पालकगण और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हमें लिखित में दो और ऐ भी कहा कि 10 अगस्त तक शिक्षक आप नहीं भेज तो 11 अगस्त को स्कूल में ताला बंदी करने के लिए हम बाध्य हो जाएंगे। उसके बाद हम आपका भी नहीं सुनेंगे। इसी बीच जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद का दूरभाष के माध्यम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरा के साथ होने के बाद उपसरपंच परमेश्वर यादव के साथ जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद के साथ दुरभाष के माध्यम से बात कराया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि एक सप्ताह के अंतर्गत शिक्षक की व्यवस्था हो जाएगी। और बीईओ को बोला गया कि आप जहां 5 शिक्षक है वहा का प्रतिवेदन बनकर मेरे पास भेज। इसके बाद ही पालकगण और ग्रामवासी द्वारा 15 जुलाई को ताला बंदी करने का निर्णय को स्थगित किया गया। और लिखित में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आश्वासन दिया है। इस दौरान सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, शाला समिति के अध्यक्ष धनेश्वर दास, देवकी मरकाम, शिवशंकर जयसवाल, देवलाल साहनी,परमेश्वर पटेल, बिसाहू राम ठाकुर, बिसनाथ यादव,रसेला संकुल समन्वयक त्रिलोक ध्रुव, सेम्हार के संकुल समन्वयक यशवंत सिन्हा, प्रधानपाठक बालचंद नेताम, देवनारायण साहू, संदीप सिन्हा, रंजीत यदु सहित पालकगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर में चढ़कर स्कूल निरक्षण में पहुंचे बीईओ

**रसेला**। ग्राम रसेला में पंचायत अंतर्गत 5 प्राथमिक शाला और एक माध्यमिक व हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है। शनिवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतवाले रसेला में ताला बंदी की बैठक के बाद रसेला के टेप्पापारा में प्राथमिक शाला में निरक्षण करने के लिए नदी में घुटने तक पानी होने के कारण ट्रेक्टर में बैठकर उसपार जाना पड़ा। ज्ञात हो कि रसेला के टेप्पापारा जाने के लिए सुखा नदी पड़ता है जो बारिश के दिनों में हमेशा पानी बहता रहता है। ज्यादा बारिश होने पर बाढ़ की स्थिति में पारा वाले पानी कम होने का इंतजार करते तभी आना जाना करते हैं। वहां



के स्कूल में सिर्फ पारा वाले के बच्चे पढ़ते हैं। कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं पढ़ने नदी पार करके रसेला आना पड़ता है। नदी में बाढ़ आने पर वहां के बच्चे स्कूल नहीं आ पाते।

## शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए ली बैठक, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत के निर्देश पर नए शिक्षा सत्र में शिक्षा गुणवत्ता एवं शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हेतु गौरव अभियान के अंतर्गत राजिम के दोनों संकुल की संयुक्त बैठक शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला राजिम में आयोजित की गई। बैठक में जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर ने कहा कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक गंभीरता पूर्वक प्रयास करके जिले में



शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने उपस्थित समस्त शिक्षकों को विगत वर्ष किए गए प्रयास के परिणाम स्वरूप राज्य स्तरीय गुणवत्ता रैंकिंग में 10 स्थान के सुधार हेतु बधाई दी। जिला नोडल मनोज केला ने इस वर्ष के अभियान में हायर सेकेंडरी के साथ-साथ ⏭ शेष पेज 10 पर

## मैनपुर क्षेत्र में झमाझम बारिश



**मैनपुर**। जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र में लंबे समय के बाद शनिवार को सुबह 10 बजे से झडीनुमा झमाझम बारिश हो रही है, जिससे क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे है। खेती किसानी कार्य जो रूक गया है अब खेती किसानी कार्य में तेजी आयेगी।

आईसेक्ट - ईशान एकेडमी
कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र
कम्प्यूटर पाठ्यक्रम: MBC-T | CCC-T | TALLY | BASIC COMPUTING
विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम: PGDCA | DCA
प्रवेश प्रारंभ
स्कॉलरशिप सुविधा । कम शुल्क - बेहतर शिक्षा ।
नवापारा - सुभाष चौक, सदर रोड
राजिम - साहू छात्रावास के पास, पथर्री रोड
सम्पर्क करें - 98265-26082

### रोज 200 उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य

# रिचार्ज खत्म होते ही विद्युत सप्लाई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

विद्युत विभाग द्वारा घर में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है जो रिचार्ज के आधार पर विद्युत की सप्लाई करेगा और रिचार्ज खत्म होते ही विद्युत सप्लाई बंद हो जाएगी। इसके लिए स्मार्ट मीटर में सिम की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें जिओ का सिम लगाया गया है। अगर उसे टावर नहीं मिला तो विद्युत सप्लाई ऑटोमेटिक बंद हो जाएगी। इस दिशा में नगर पूरे जिले में मॉडल बनता हुआ दिख रहा है। यहां पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य काफी जोरों पर है। जिओ कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि रोज का 200 उपभोक्ताओं तक स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है इसे जिस प्रकार किया जा रहा है जल्द ही नगर में स्मार्ट मीटर सभी घरों में लगा दिए



जाएंगे। नगर में कुल लगभग 2500 विद्युत विभाग के मीटर उपभोक्ता है जिन पर स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता उमेंद्र सिंह दीवान ने कहा कि यह शासन का एक योजना है जिसमें नगर में तेजी से कार्य हो रहा है और सभी उपभोक्ताओं द्वारा लगातार सहयोग प्रदान किया जा रहा है स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग, बिल में गड़बड़ी सहित समस्याओं से निजात मिलेगी और यह रिचार्ज पद्धति पर कार्य करेगी, रिचार्ज होने तक बिजली चलेगा और जैसे रिचार्ज खत्म हो जाने पर ऑटोमेटिक बिजली की सप्लाई कम हो जाएगी।

**स्मार्ट मीटर लगाने के काम जारी**

इस कार्य में नगर के उपभोक्ताओं द्वारा भी अच्छा सहयोग मिल रहा है और उसी का परिणाम है कि जिलेभर में स्मार्ट मीटर लगाने के काम में नगर काफी आगे चल रहा है। नगर में स्मार्ट मीटर लगने के बाद गांव में भी जहां पर मोबाइल का टावर जिस कंपनी का होगा उसी कंपनी के सिम से जुड़ा हुआ स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा ताकि टावर के साथ स्मार्ट मीटर काम करेगा।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### आमाकोनी स्कूल में हुआ पौधारोपण

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला आमाकोनी में पौधरोपण किया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों में नीम, जामुन एवं कटहल सहित विभिन्न प्रजातियों का पौधे रोपे गए।

### भोरिंग में बकला बाबा महोत्सव 11 अगस्त से

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में बकला बाबा महोत्सव को लेकर आवश्यक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से बकला बाबा का दो दिवसीय महोत्सव 11 एवं 12 अगस्त को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में चोवाराम विश्वकर्मा, श्यामलाल साहू, लोकनाथ गुरुजी, थानु गुरुजी, मदन साहू, वेद प्रकाश साहू पंच, मनीष साहू पंच, पूरन साहू, शारदा साहू,कार्तिक राम, नारायण साहू, तुलस राम, पिला दाऊ,मोनू साहू, दिनेश साहू, प्रीतम साहू, भूपेंद्र साहू, प्रह्लाद साहू, ओमकार साहू, टेमेंद साहू, खिलेश साहू, रंजीत यादव, दीनदयाल आदि मौजूद रहे। बता दें कि बकला बाबा महोत्सव प्रत्येक वर्ष दो दिवसीय होता है। जिसमें प्रथन दिवस भव्य शोभायात्रा माता शीतला मंदिर से निकलती है। वहीं संध्याकालीन कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन होता है।

### भलेसर स्कूल में हुआ पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे। उन्होंने पौधारोपण कर उपस्थित विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप चंद्राकर, अंशुमान तिवारी, ग्राम सरपंच टेमिन सिन्हा व स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

### गड़बड़ी व भ्रष्टाचार रोकने भाजपा ने फिर शुरू किया गया जेम पोर्टल : रमेश

महासमुंद। पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि व भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रमेश साहू ने कहा कि जेम पोर्टल के माध्यम से निर्बाध रूप से राष्ट्रीय दर पर सामग्रियों की खरीदी करने प्रदेश सरकार ने जेम पोर्टल शुरू किया है। पूर्व में रमन सिंह के कार्यकाल में इस पोर्टल के माध्यम से शासकीय सामग्री की खरीदी की जाती थी। लेकिन, प्रदेश के पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अपने करीबियों तथा कांग्रेस के लोगों को लाभ पहुंचाने जेम पोर्टल को नकार दिया था तथा सीएसआईडीसी के माध्यम से शासकीय सामग्री की खरीदी की।

पेज 9 के शेष...

### शिक्षा में गुणवत्ता

पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला को भी जोड़ते हुए प्रारंभिक कक्षाओं से ही बच्चों को सभी प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने का शिक्षकों से आह्वान किया। उन्होंने 5वीं कक्षा के छात्रों के लिए नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शत प्रतिशत पंजीयन करने का लक्ष्य निर्धारित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी ने उपस्थित समक्ष शिक्षकों को समय पर उपस्थिति एवं प्रतिदिन ऑनलाइन अटेंडेंस पूर्ण करने तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता एवं शाला परिसर सहित कक्षा की साफ सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान संकुल समन्वयक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने शासन के विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए मध्यान्ह भोजन, गणवेश, पाठ्यपुस्तक एवं सायकल वितरण की समीक्षात्मक चर्चा की। साथ ही समस्त शिक्षकों की ओर से नव नियुक्त संकुल समन्वयक भारतीय नामदेव को बधाई एवं स्वागत किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रधान पाठक आलोक शर्मा, यशवंत साहू, कल्याणी गोस्वामी, सुनीता यादव, अंजनी यादव, मयाराम जांगड़े, संजय सिन्हा सहित नरेंद्र देवांगन, डोमन सोनकर, पुष्पा शुक्ला देवेंद्र नागेश, राजेंद्र कोसले, राजेंद्र पाल सिंह, सविता शर्मा, रेखा शुक्ला, सुरेश कंडरा, योगेश्वर ध्रुव एवं संकुल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

**आयोजन : 1 करोड 35 लाख 25 हजार 6 सौ 89 रूपये का अवार्ड पारित**

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन सफल 48 हजार 315 मामलों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देश पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद, किशोर न्याय बोर्ड गरियाबंद, राजिम एवं देवभोग न्यायालय तथा राजस्व जिला गरियाबंद के राजस्व न्यायालयों के न्यायालयों में दिनांक शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत के लिए तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद द्वारा 04 खण्डपीठों का गठन किया गया था, तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष यशवंत वासनीकर ने बताया कि उक्त लोक अदालत के लिए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गरियाबंद तजेश्वरी देवी देवागंन की गठित खण्डपीठ में कुल 81 लंबित एवं 698 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे जिनमें कमशः 12 लंबित मामलों का निराकरण करते हुए 97,37,376 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। वहीं 88 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण करते हुए 6,67,503 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 100 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 1,04,04,879 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं व्यवहार न्यायधीश वर्ग-एक गरियाबंद छाया सिंह की गठित खण्डपीठ में 310 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 08 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 68,000 रूपये का एवार्ड पारित किया गया तथा समरी एवं अन्य दाण्डिक मामले सहित 625 लंबित प्रकरण रखे गये थे जिनमें लंबित मामलों, 02 पराकम्य लिखत अधिनियम मामला, अन्य सिविल के 02 के निराकरण करते हुए 18,10,000 रूपये की राशि अदा करायी गयी तथा 277 समरी मामले का निराकरण करते हुए 2,54,300 रूपये की राशि अदा करायी गयी। इस प्रकार कुल 399 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

इसी प्रकार राजस्व विभाग गरियाबंद में कुल 47,168 राजस्व माामले रखे गये थे जिनमें सभी प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस प्रकार शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत गरियाबंद में 48,315 मामलों का निपटारा करते हुए कुल 1,35,25,689 रूपये का अवार्ड पारित किया गया।

### परिसर में विभिन्न विभागों ने लगाए स्टॉल

तालुका अध्यक्ष यशवंत वासनीकर ने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष श्री अब्दूल जाहिद कुरैशी एवं सचिव रमेश कुमार चौहान के द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशानुसार अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा नेशनल लोक अदालत के अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद के परिसर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये, जिसमें महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार के विभिन्न प्रकार के व्यंजन, रंगोली, हरी सब्जियां का प्रदर्शन किया गया, उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं फुलदार पौधों एवं वृक्षों का वितरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोक अदालत में आये गये पक्षकारों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन सामान्य का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं तथा राजस्व न्यायालयों में गठित खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारियों के द्वारा लोक अदालत के पूर्व से ही संबंधित पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से प्री-सिटिंग कर इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु काफी प्रयास किये गये। इस लोक अदालत को सफल बनाने में खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारीगण, अधिवक्ता सदस्यगण और प्रकरणों से संबंधित अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारियों, राजस्व अधिकारियों तथा प्रीलिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले अन्य विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों एवं संबंधित पक्षकारों का सराहनीय योगदान रहा।

# सशिमं के नए पदाधिकारियों ने कर्तव्य निष्ठ की ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर छुरा में शिशु, बाल, किशोर, कन्या भारती के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप मेश्राम उप निरीक्षक पुलिस थाना छुरा, अध्यक्षता ओम प्रकाश यादव असिस्टेंड मैनेजर जिला सहकारी बैंक खड़मा एवं पुलिस थाना छुरा से दो अन्य सिपाही की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई एवं उनके अधिकारों, कर्तव्यों के बारे में उन्हें अवगत कराया गया। अपने वक्तव्य में मेश्राम जी ने कहा कि व्यक्ति को अपनी मेहनत से पीछे नहीं हटना चाहिए एवं अपने कर्म को निष्ठापूर्वक करते रहना चाहिए। उन्होंने शिशु मंदिर की शिक्षा एवं संस्कार की सराहना की। अध्यक्षता कर रहे ओमप्रकाश यादव की ओर से दशम कक्षा के 10 स्थान बनाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, उन्हें सतत परिश्रम करते रहना चाहिए एवं ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई लिखाई करते हुए अपने एवं अपने माता-पिता, गुरुओं का नाम रोशन करना चाहिए। अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य संतोष वर्मा ने किया एवं उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक करते रहना है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य हरीश शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य व दीदियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संचालन समिति के सभी सम्माननीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी भैया व बहिनों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# पेंड्रा की नई पानी टंकी में लीकेज, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





ग्राम पेंड्रा में नए पानी टंकी के सप्लाई में लिकेज होने से गांव वालों को पानी नहीं मिल रहा है। जनपद सभापति अर्चना साहू ने एसडीएम राजिम को समस्या से अवगत कराकर लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार एवं अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा। विकास खंड फिंगेश्वर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्रा में इन दिनों लोगों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एक टंकी से सभी घर पानी पहुंचना सम्भव नहीं है। दूसरा नम्बर का नवनिर्मित पानी टंकी का निर्माण किया जा चुका है लेकिन टंकी आपरेटर राजू एवं सरपंच पवन खरे ने बताया कि पानी देने के ट्रायल में ही लीकेज के कारण पानी टपकना एवं पानी चढ़ने में दिक्कत हो रहा है ऐसी स्थिति में इस टंकी से भी पानी देते नहीं बन रहा है। इन सारी बातों को सरपंच द्वारा क्षेत्र के जनपद सदस्य सभापति अर्चना डॉ. दिलीप साहू को अवगत कराया गया। जिसके चलते अर्चना साहू पानी टंकी के ट्रायल का अवलोकन किया। जिसमें समस्या सही पाई गई। उक्त समस्या को लेकर डॉक्टर दिलीप साहू के नेतृत्व मे सरपंच पवन खरे, उपसरपंच तुलसी साहू, पंच श्यामलाल निषाद, रेखराम घिटलहरे, पंच गीता, भारती यादव, टेकचंद, कोमल, अनुविभागीय अधिकारी अर्पिता पाठक से समस्याओं को अवगत कराते हुए संबधित दोषी कर्मचारी अधिकारी व ठेकेदार के प्रति कार्यवाही कर ग्रामवासियों को अतिशीघ्र पेयजल उपलब्ध कराने ज्ञापन सौंपा। एसडीएम अर्पिता पाठक ने मामले का संज्ञान लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दी।

## पटवारी संघ ने विधायक से की मुलाकात...



राजिम। राजस्व पटवारी संघ द्वारा जिला स्तरीय मांग एवं 32 सूत्रीय मांगों के संबंध में राजिम विधायक रोहित साहू से भेंट मुलाकात कर अवगत कराया।

# विधायक जनक ने मांगी वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव एवं उनके परिजनों ने फिर एक बार सरकार से सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञात हो कि जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मैनपुर से 2 किलोमीटर दूर ग्राम नाहनबिरी में निवास करने वाले बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 55 के विधायक जनकराम ध्रुव अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित नजर आ रहे है, भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह एवं छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक एंव कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को विधायक ध्रुव द्वारा 3 से 4 बार पत्र लिखकर वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने की मांग कर चुके है लेकिन अब तक उन्हे वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान नहीं किया गया है जिसके कारण विधायक जनक ध्रुव को दूरस्थ वनांचल संवदेनशील क्षेत्रों में दौरा करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक जनक ध्रुव विधायक के साथ ही आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते पूरे प्रदेश के दौरे पर समय- समय पर पहुंचते है, बस्तर जैसे घोर नक्सल क्षेत्रों के साथ ही कई संवेदनशील क्षेत्रों में उन्हे हमेंशा खतरा बना रहता है। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के समय उनके निवास स्थान से महज 05 किलोमीटर दूरी पर नक्सली हमला में एक जवान भी शहीद हो चुके है।

# संस्कार पब्लिक में मनाया वन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



संस्कार पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। शाला की प्राचार्य गुरप्रीत कौर ने बच्चों को पेड़ों की उपयोगिता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। तत्पश्चात कक्षा सातवीं की शिक्षिका विजया तिवारी ने भी वन महोत्सव के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से शपथ दिलवाई कि वह अपने जन्म दिवस पर एक पेड़ जरूर लगाए। इस अवसर पर शाला की शिक्षिकाएं किरण गुप्ता, महेश्वरी साहू, ऐश्वर्या शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पश्चात लभरा में नंदी मसाला उद्योग के सामने पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य गुरप्रीत कौर, विजया तिवारी,किरण गुप्ता, महेश्वरी साहू, ऐश्वर्या शर्मा आदि मौजूद रही।

## तेंदूकोना में चलाया गया हेलमेट जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

हेलमेट जागरुकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को यहां के बस स्टैंड में थाना प्रभारी आरएस ठाकुर के नेतृत्व में हेलमेट जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना स्टाफ द्वारा आने जाने वाले दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के महत्व को बताया गया व बिना हेलमेट के सफर करने वालो को हेलमेट पहनकर सफर करने की समझाइश दी गई। साथ ही हेलमेट पहनकर सफर करने वालों को गुलाब फूल देकर सम्मान किया गया। उक्त अभियान की ग्रामीणों ने सराहना की है।

# अंचल में 31 नवीन आंबा खोली जाएगी : इंद्रकुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर गायत्री मंदिर परिषद् मे विधायक इन्द्र कुमार साहू द्वारा विधानसभा क्षेत्र के आंगनबाड़ी प्रमुख परियोजना अधिकारी,पर्यवेक्षको,कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ का समीक्षा बैठक लिया गया। उक्त बैठक मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने केन्द्रो की मूलभूत सुविधाओं बिजली,शौचालय,पेयजल जैसी अन्य समस्याओं से विधायक को अवगत कराया वही विधायक इन्द्रकुमार साहू ने हर संभव उचित निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु छाया शेड 5 लाख, मॉडल आंगनबाड़ी 2 लाख एवं 31 नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों की घोषणा की गई। इस दौरान पंचायत सदस्य खेमराज कोसले,बिहारी साहू,मुकेश ढीढी,गोयल भट्ट,राघवेन्द्र साहू,सागर साहू,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका बड़ी संख्या मे मौजूद रही।

**बोरिद से सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को दी गई विदाई**

# शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी से करना चाहिए : खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शनिवार को संकुल केन्द्र बोरिद के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खैरझिटी के प्रधान पाठक जीएफ खान को संकुल स्तर पर भावभीनी विदाई दी गई। शॉल, श्रीफल, पेन, डायरी से सम्मानित किया गया। मुख्यअतिथि के आंसदी से खान सर ने कहा कि शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के सभी अतिथियों का स्वागत गुलाल हार और बुके से किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा उदबोधन दिया गया। संकुल प्राचार्य पीएस ध्रुव ने कहा कि खान सर बहुत ही के सहज सरल व्यक्तित्व के शिक्षक रहे हैं। मैं उनके अर्धवार्षिकी पूर्ण करने पर उन्हे बधाई देता हूं। वहीं केशव राम साहू ने कहा कि शिक्षक कभी भी सेवानिर्वित्त नहीं होता वह समाज के लिए हमेशा कार्य करता ही रहता है। संकुल समन्वयक दिनेश कुमार सोनी ने उनके पूरे कार्यकाल का परिचय देते हुए उनके साथ बिताये समय एवं कार्यो की प्रशंसा की। दीप्ति श्रीवास्तव मैडम ने अपने गीत के माध्यम से उक्त कार्यक्रम को अधिक आकर्षित बना दिया इसके साथ ही सभी ने खान सर को शुभकामनाएँ देते हुवे उनके दीर्घायु होने की कामाना की। इसके पश्चात मुख्य अतिथि सेवानिर्वित्त प्रधान पाठक जीएफ खान ने कार्यक्रम के लिए सभी को धन्यवाद देते हुवे अपने पूरे कार्यकाल के बारे में सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षकों को अपने कर्तव्य का निर्वहन जिम्मेदारी से करना चाहिए। कार्यक्रम के अगले कड़ी में उनके फोटो और कुछ स्कूल की यादों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी को दिखाया गया जिसको लेकर सभी ने पुराने यादों को ताजा करते हुए उसकी सराहना की। उसके बाद संकुल के सभी शिक्षकों द्वारा खान सर को शाल,श्रीफल,पेन,डायरी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन मनहरण लाल साहू एवं आभार प्रदर्शन शत्रुहन लाल साहू ने किया।

**ये रहे उपस्थित**

उक्त अवसर पर लता सोनी, संतोष साहू, केशरी कुमारी, अंजू वैष्णव, दिलीप साहू, दयानंद साहू, तुलसी ध्रुव, जागेश्वर साहू, पार्वती ताँड़ी, योगेश सेन, सुनीता यदु, लीलाराम साहू, पुष्पा खूँटे, रामेश्वरी धुरव, लक्ष्मण सोना, हुलेश्वरी सोनकर, मोनिकाचौहान, अनुसुइया कँवर, हरीश डड़सेना, अंजना श्रीवास अशोक साहू, हितेन्द्र यदु, युगेश्वर दीवान, सुनील देशलहरे, मेनका ध्रुव, प्रीमा साहू, डिगेंद्र धुरव, गौरी यदु, बिशंभर निषाद आदि उपस्थित थे।

# हाईस्कूल में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय हाईस्कूल रोहिना में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि विश्व की आबादी साढ़े 8 अरब के करीब हो चुकी है। जब 1987 को विश्व की आबादी 5 अरब हुई तब उस वर्ष से 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का निर्णय संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में लिया गया। प्रभारी प्राचार्य एके जयसवाल ने विश्व जनसंख्या दिवस मनाने के औचित्य एवं प्रासंगिकता विषय पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसंख्या किस गति से बढ़ रही है, उसकी कल्पना नहीं कर सकते। जिस गति से बढ़ रही है उस गति से संसाधन नहीं बढ़ पा रहा है। जनसंख्या वृद्धि पर अंकुश नहीं लगा तो बढ़ती आबादी एक विकराल समस्या बन सकती है। छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से भयावह रूप से बढ़ती हुई जनसंख्या के आंकड़ों को दिखाया गया। कमलेश साहू ने बताया कि चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संदीप सेठ, द्वितीय स्थान प्रिया गंधेल एवं तृतीय स्थान अजय राणा ने हासिल की। कार्यक्रम के दौरान बढ़ती हुई आबादी से होने वाले दुष्परिणामों को चित्र के माध्यम से दिखाया गया।

**खबर संक्षेप**

## पोंड़ शाला विकास समिति के अध्यक्ष बने गोपाल



**पाण्डुका।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंड़ के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष पद में पोंड़ निवासी गोपाल साहू एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुरा स्कूल के लिए अनिल साहू को अध्यक्ष मनोनित किया गया है। स्कूल समिति के अध्यक्ष बनने पर राजिम विधायक रोहित साहू के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। दोनों अध्यक्ष के द्वारा विधायक साहू एवं भाजपा संगठन का आभार व्यक्त किया है।

## मतदाता सम्मान समारोह 15 को

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय मतदाता सम्मान समारोह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी अभनपुर मे 15 जुलाई सोमवार को रखा गया है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल,विधायक इन्द्रकुमार साहू,पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू,पूर्व जिपं.अध्यक्ष अशोक बजाज एवं रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम नारंग कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन प्रदान करेगे। भाजपा पदाधिकारियो ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ दोपहर 1 बजे किया जायेगा जिसमे विधानसभा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे जुटेगे।

## शहीद स्मारक में पौधरोपण आज

**महासमुंद।** शहीद स्मारक खरोरा में आज नारियल के 20 पौधे लगाए जाएंगे। एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत युवराज सिंह चंद्राकर के पुत्र वसुदेव चंद्राकर के जन्मदिवस पर और नंद किशोर सिन्हा की पुत्री वाणी सिन्हा, टीया सिन्हा की तरफ से शहीद स्मारक में नारियल पौधरोपण किया जाएगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि सभी सैनिक परिवार, शहीद स्मारक के सदस्यगण तथा सभी अग्नि वीर के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को पौधरोपण कार्यक्रम में सुबह 6 बजे पहुंचने की अपील की है।

## बैंक कर्मचारियों के रवैए से उपभोक्ता परेशान

**महासमुंद।** बैंक कर्मचारियों के उपेक्षापूर्ण रवैए के चलते उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। वार्ड क्रमांक 8 नयापारा निवासी मनीष कुमार दुबे ने बताया कि स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया शाखा के कर्मचारियों द्वारा आने वाले ग्राहकों के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस शाखा में वार्ड क्रमांक 8 के अधिकतर रहवासियों का पीएम जनधन खाता है। बैंक कार्य में किसी तरह की दिक्कत आने पर भी यहां के कर्मचारियों द्वारा मार्गदर्शन एवं सहयोग से परहेज किया जाता है।

## हाईवे में भालू से टकराया बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे-53 में भालू से टकराकर बाइक सवाल घायल हो गया। उसे गंभीर चोटें आई है। राहगीरों ने 112 एंबुलेंस से घायल युवक को अस्पताल रेफर किया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि युवक के स्वास्थ्य में सुधार आते ही उससे घटना के संबंध में पूछताछ की जाएगी। बता दें कि जिले में इन दिनों भालू का खतरा बढ़ गया है। पिछले दिनों बागबाहरा वन परिक्षेत्र के ग्राम कसेकेरा में खेत में काम कर रही महिला पर भालू ने हमला कर दिया। खेत के आसपास काम कर रहे लोगों ने किसी तरह भालू को भगाकर महिला को बचाया। वन विभाग ने ग्रामीणों को अलर्ट रहने कहा है। वन विभाग ने ग्रामीणों को चेतावनी दी है कि गांव से लगे जंगल या उसके आसपास न जाएं। बता दें कि ग्राम कसेकेरा व आसपास के गांव जंगल के समीप है। यह भालू प्रभावित क्षेत्र हैं। यहां पहले भी भालू के हमले होते रहे हैं।

---

**मनमानी : ग्राम चचरापारा का मामला, स्कूल जतन योजना से नहीं हो पाई जर्जर स्कूल की मरम्मत**

# प्रधानमंत्री आवास में विद्यालय का संचालन, भवन बनाने मिले 4 लाख रुपए निर्माण से पहले गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

निर्माण से पहले ग्राम चचरापारा का शासकीय प्राथमिक शाला भवन गायब हो गया था। 1997 में बने जर्जर भवन को मरम्मत भी नसीब नहीं हुआ, तो बच्चों के भविष्य के खातिर विधवा महिला ने अपनी पीएम आवास स्कूल संचालन के लिए दे दिया। स्कूल जतन के लिए मिले 90 करोड़ में 46 करोड़ ही प्रशासन खर्च कर सकी है। जिले में स्कूल जतन के लिए 90 करोड़ की मंजूरी के बावजूद प्रशासन स्कूल का जतन नहीं करा पाई है, ऐसे में कई स्कूल ऐसे है जिसके संचालन के लिए बेबस लोग सामने आ रहे हैं और जवाबदारों ने अपनी आंखे मूंद ली है, मैनपुर विकासखण्ड में बिरीघाट के चचरापारा प्राथमिक स्कूल का संचालन बेवा गुनो बाई के पीएम आवास में तीन साल से हो रहा है। हैरानी की बात है की सिस्टम पर गूनो बाई के इस करारे तमाचा के बावजुद किसी जिम्मेदार ने 22 बच्चे पढ़ रहे। इस स्कूल के प्रति ध्यान देना भी जरूरी नहीं समझा। गुनो बाई का एक बेटा है, बस्ती के भीतर उसका पुराना झोपड़ी है फिलहाल वो वहीं रह रही है। गुनो बाई ने कहा की बच्चे हमारे भविष्य है, जर्जर भवन में खतरे के बीच स्कूल संचालन को देखते हुए वह अपना आवास को स्कूल संचालन के लिए दे दिया।



कार्य प्रगति के आधार पर रूपए जारी हुए हैं, जहां खर्च हुए उसका परीक्षण कराया जा रहा है, जिन भवनों के मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है उसे दोबारा शुरू कराए जाने की प्रक्रिया आरईएस विभाग करा रही है। जहां मरम्मत की मांग आ रही है स्टीमेट मंगा कर मरम्मत की मंजूरी विधिवत दी जाएगी।
**आंनद सारस्वत,** जिला शिक्षा अधिकारी

### 90 करोड़ मिले खर्च नहीं कर पाया विभाग

स्कूल जतन योजना में गरियाबंद को 90 करोड़ दिया गया है, 1300 स्कूल बिल्डिंग मरम्मत किए जाने थे पर साल भर में 550 बिल्डिंग मरम्मत हो पाया है, हैरानी की बात है की खर्च का लेखा- जोखा देख रही शिक्षा विभाग और काम करा रही आरईएस विभाग दोनों मिल कर जरूरत मंद स्कूलों के जतन में रुपए खर्च नहीं कर सकी है। स्कूल जतन में भारी भ्रष्टाचार की खबर को हरिभूमि द्वारा लगातार प्रकाशित करने के बाद राज्य सरकार ने संज्ञान में लिया और अब मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत 2022–23 में मरम्मत योग्य शालाओं के जिर्णोधार एंव अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्यों की जांच शुरू कर दी गई है, मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में स्कूल जतन योजना के तहत जो स्कूल भवन का मरम्मत किया गया है वह पहली ही बारिश में जगह- जगह टपकने लगी है जो आरईएस विभाग के घटिया निर्माण कार्य को बताने के लिए काफी है, वहीं दूसरी ओर बीते दिनों कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने कांग्रेस सरकार में मिले जतन योजना के खर्च में लापरवाही का बड़ा आरोप लगाया था।

### बनने से पहले गायब हो गया भवन

गांव के पंच कपूर चंद मांझी जिम्मेदारो के एक और करतूत के बारे में खुलासा करते हुए बताया की, स्कूल 1997 में बने भवन में संचालित हो रहा था। मांग के बाद 2006 में नए स्कूल भवन के लिए सर्व शिक्षा अभियान के तहत 4.18 लाख की स्वीकृति मिली। भवन का जिम्मा पंचायत और मास्टर के जवाबदारी में बन रहा था। नींव और प्लिंथ खड़े हुए फिर अचानक से काम बंद हो गया। 10 साल बाद भवन का नामोनिशान खत्म कर दिया गया। पंच ने कहा कि नए भवन की मांग करने जाते हैं तो रिकार्ड में भवन दिखता है इसलिए नए भवन नहीं मिला।

### स्कूल जतन के लिए भी रुचि नही दिखाया

तमाम कोशिश के बीच जब पिछली सरकार के स्कूल जतन योजना के भवन मरम्मत की सूची में जब चचरापारा का नाम आया तो ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया। 1997 के जजर्र भवन के मरम्मत के लिए 10 लाख से ज्यादा की मंजूरी मिली थी, लेकिन यह काम भी प्रशासन नहीं करा पाई। आपको बता दे कि मैनपुर ब्लॉक में 267 स्कूल भवन को जतन योजना के लिए चयन किया गया था, लेकिन एक साल में 66 भवन ही मरम्मत आरईएस विभाग ने नहीं करा पाया। मामले के मैनपुर आरईएस एसडीओ उमेस चौधरी चचरापारा स्कूल के हालात से अनभिज्ञ है। कहा की टेंडर जारी हुए थे, विषम भौगोलिक परिस्थिति के चलते आधा से ज्यादा काम शुरू नहीं हो सके।

---

## दूषित भोजन से करें परहेज : पाण्डेय

**मुड़ागांव(कोरासी)।** संकुल केन्द्र जरगांव के अन्तर्गत विभिन्न शालाओं में शनिवार बेगलेस डे पर स्टांप डायरिया कैंपेन के तहत बच्चों को डायरिया के लक्षण तथा रोकथाम उपाय के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया गया।



संकुल प्राचार्य प्रदीप कुमार पाण्डेय तथा संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव ने इस विषय पर अपने विचार रखें। डायरिया के लक्षण के बारे में बताते हुए पांडे ने कहा कि दूषित भोजन खाने से हमें बचना है। खाना खाने के पहले हमें हाथ को साबुन से धोना है। शौच से आने के बाद हाथ को अच्छे से धो लेना चाहिए। पतला दस्त होने पर ओआर एस के घोल बनाकर पीने के लिए कहा गया। वहीं ध्रुव ने साफ सफाई के बारे में बताते हुए शारीरिक स्वच्छता तथा आसपास के साफ सफाई के बारे में विस्तार से बच्चों को अवगत कराया गया। प्रधानपाठक कन्हैयालाल यादव ने नैतिक मूल्यों से अवगत कराया गया। वहीं योग की भी जानकारी दिया गया। शाला प्रांगण में बच्चों ने फूलदार पौधे भी रोपे। कमारटोला के बच्चों के द्वारा गीत कविता का वाचन किया।इस अवसर पर संकुल प्राचार्य प्रदीप कुमार पाण्डेय, संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, प्रधानपाठक कन्हैयालाल यादव, संतोष कुमार साहू, रामेश्वरी मांझी, रामबती ध्रुव, डिगेश्वरी दिवान, दीपमाला मिश्रा,श्यामरतन माण्डले, केशव साहू, पुखराज ठाकुर, गोविन्द यादव, निरमिला ठाकुर, मंगलमूर्ति सोनी प्रधानपाठक, उमेन्द्र साहू, बंशीलाल साहू आदि उपस्थित थे।

---

## राजिम के 20 एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

हरिभूमि.न्यूज ▶▶ राजिम

शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के 20 एनसीसी कैडेट्स वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना हुए। दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लखौली रायपुर में आयोजित है। सीटीसी कैम्प में एएनओ सागर शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय के 15 जेडी व 5 जुनियर विंग कैडेट्स हिस्सा ले रहे। 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 12 जुलाई से 21 जुलाई तक किया जा रहा। प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेट्स को एकता और अनुशासन के साथ शस्त्र-प्रशिक्षण, मैप रिडिंग, निशानेबाजी, ड्रिल कंपीटीशन, खेलकूद तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। कैम्प में बटालियन के अन्य स्कूल कालेजों के कैडेट्स हिस्सा लेंगे। विद्यालय के एएनओ सागर शर्मा ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी कामटी नागपुर में प्रशिक्षण प्राप्ति हेतु पदस्थ है। इससे पुर्व शाला के ही अन्य




4 एनसीसी कैडेट्स बिलासपुर में आयोजित टी एस सी कैम्प में प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौटें है। केयर टेकर व्याख्याता कमल सोनकर ने सभी कैडेटस को प्रशिक्षण शिविर स्थल पहुँचाया और अनुशासन का पालन करने निर्देशित किया। प्रशिक्षणार्थी कैडेट्स को विद्यालय के प्राचार्य संजय एक्का, व्याख्याता कमल सोनकर, समीक्षा गायकवाड़ ने कैंप में अनुशासन बनाए रखने और कर्तव्यनिष्ठ रूप से अपने प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित रखने के शुभ संदेशों और बधाई के साथ रवाना किया।



## पाटसिवनी स्कूल में हुए विविध कार्यक्रम

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पाटसिवनी में शनिवार को कैलेंडर द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वन महोत्सव मनाया गया। छात्रों द्वारा चित्र, पोस्टर, नाटक और पेड़ का महत्व मुनष्य के लिए अपना-अपना विचार प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक एवं शिक्षकों के द्वारा पेड़ का महत्व बताया गया। कैलेंडर में निर्धारित, राष्ट्रपति के द्वारा पद्म श्री प्राप्त पर्यावरणविद, वृक्षमाता के नाम से अलंकृत सालुमारा थिमक्का का वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।

शासन के निर्देशानुसार विद्यालय में बाल कैबिनेट का भी गठन किया। छात्रों द्वारा निर्विरोध प्रधामंत्री दीपांसु साहू, वित्तमंत्री पल्लवी ध्रुव, शिक्षामंत्री साक्षी ध्रुव, खेलमंत्री कृष्णा, कानून एवं सुरक्षा मंत्री कुमारी श्रेया दीवान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री टीना दीवान, पर्यावरण मंत्री तनुश्री, कृषि एवं उद्योग मंत्री लिलम कुर्रे को चुना गया। स्टॉप डायरीया अंतर्गत प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा गांव में जागरूकता रैली निकाली गई।

## पाटसिवनी में मितानिनों का किया सम्मान



**पाटसिवनी(पिपरहट्टा)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटसिवनी में मितानिन प्रोत्साहन राशि वितरण एवम सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण मितानिनों को ऑनलाइन मानदेय देय का शुभारंभ किया गया। जिसे ऑनलाइन टीवी मे दिखाया गया। साय के इस पहल पर मितानिन दीदियों ने ताली बजाकर स्वागत सम्मान अभिनंदन किया। इस मौके पर चंपेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिनों को कार्य करने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ता हैं, एक दौर था जब कोरोना काल में मितानिनों के साथ जब घर- घर जाके आम जन को जागरूक करने का प्रयास किया गया तो मुझे वास्तविक परिस्थितियों को जानने समझने का अवसर मिला। मितानिनों दीदियों द्वारा दिन रात अपने कार्य पर तत्परता के साथ 24 घंटे सेवा दिया जाता है। मितानिनों द्वारा प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाओं को निरंतर जांच करवाना, स्वस्थ केंद्र में गांव के स्वस्थ संबंधी समस्याओं को अवगत करना, इलाज के लिए स्वयं सामने आके कार्य करना ये बहुत ही प्रशंसनीय कार्य हैं और ऐसे कार्य करने वाली हमारी मितानिन दीदियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सम्मान दिया गया। इस मौके पर अमर सिंह जाट ग्राम पटेल, पंच दीपक गिलहरे, गणेशू बाघे, रूपनारायण मंडाले सामाजिक कार्यकर्ता, भाजपा कार्यकर्ता आनंद राजपूत, कार्तिक दीवान, ग्रामीण प्रमुख एवं स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर देवेश सोनी एवं अन्य स्टाफ तथा मितानिन दीदी उपस्थित रहे।

## खैरझिटी के स्कूल परिसर में लगाए गए आम, नीबू के पौधे

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरझिटी में शनिवार को एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सियाराम ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत खैरझिटी, नंदलाल ध्रुव, सीताराम ध्रुव एसएमसी अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थित में पौधारोपण किया गया। उक्त अवसर पर शाला परिसर में आम, नीबू जाम, जामुन, अशोक, काजू,



बादाम जैसे उपयोगी एवं फलदार वृक्ष लगाकर अतिथियों द्वारा बच्चों को पेड़ की सुरक्षा सहित उपयोगिता एवं उनके महत्व के बारे में बताया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रमुख दिनेश कुमार सोनी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर अंजू वैष्णव, दिलीप साहू, दयानंद साहू, तुलसी ध्रुव, जागेश्वर साहू, कौशिल्या ध्रुव, सावित्री ध्रुव, मेहतर राम साहू, तुकेश ध्रुव, गायत्री ध्रुव ग्राम पंचायत खैरझिटी के समस्त पंचगण, बड़ी संख्या में पालकगण स्कूल के सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।



## मंत्र लेखन पुस्तिका का वितरण

**राजिम।** जिला समन्वयक के मार्गदर्शन में दो दिवसीय ग्राम तीर्थ प्रव्रज्या का आयोजन राजिम में किया गया। उक्त कार्यक्रम में संध्या वंदन करने की विधि बताई गई। शाम को घर में दीप प्रज्ज्वलित के बाद क्या करना चाहिए उसकी विधि बताई गई। इस अवसर पर गायत्री मंत्र लेखन करने के लिए निःशुल्क मंत्र लेखन पुस्तिका एवं गायत्री चालीसा दिया गया। राजिम इकाई प्रमुख रामकुमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम का समापन आज 14 जुलाई रविवार को होगा। उन्होने सभी इकाई के परिजन बंधुओं से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए। कार्यक्रम में जिला समन्वयक टीकम साहू, चंद्रलेखा गुप्ता, एचएल साहू, जगदीश साहू, टीकम सेन, रामकुमार साहू, साधु निषाद, अशोक मिश्र, परमानंद यादव, पवन गुप्ता, संतोष कुमार साहू, रामाधार साहू, बिहारी निषाद, रोमन चंद्राकर, रामाधार यादव, ठाकुर राम यादव, नन्द कुमार सिन्हा, मेष राम साहू, तुलसी राम साहू, नारायण दिवाना, जगत राम यादव, परदेशी राम साहू, टीकाराम साहू, कंवल निषाद, सीता राम, खेमन, बसंत, रामेश्वर,परस, सोहद्रा तारक, दीनबंधु रावत, संतराम ध्रुव, लोकेश्वरी दिवान, सीता साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बैराज निर्माण पर 18 ग्राम के किसानों की हुई बैठक

हरिभूमि.न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

शनिवार को 18 ग्राम किसान व मजदूर संगठन का जामगांव क्षेत्र का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम तरजुगा में 18 ग्राम के किसान प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में 18 ग्राम के किसानों के सिंचाई सुविधा के लिए बैराज निर्माण की मांग प्रमुख रहा। बैठक में प्रमुख रूप से इस क्षेत्र के पानी के अपासी के लिए लंबित मांग बैराज बनाने के लिए म सांसद और विधायक के साथ मिलकर मुख्यमंत्री से मिलने का चर्चा किया गया। बताया जाता है कि पूर्व सरकार डॉक्टर रमन सिंह के समय में बैराज बनाने के सर्वे लिए 70 लाख रुपए का राशि स्वीकृत किया गया था जिसमें स्थान का सर्वे करके छुरा विकास खंड के ग्राम कनसिगी के पास पाईट पाया गया है। जल संसाधन के सर्वे के आधार पर पूरा बैराज का प्राक्कलन तैयार किया गया है जिसमें 85 करोड रुपए का अनुमानित बजट तैयार किया गया है। इस संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। चर्चा के उपरांत सभी किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि हमारे सांसद



और विधायक का सम्मेलन महापंचायत किसान महापंचायत के रूप में ग्राम तरजुगा में किया जाव। उसके बाद मे उनके मार्गदर्शन में सांसद विधायक एवं 18 ग्राम के किसान प्रतिनिधियों के द्वारा मुख्यमंत्री से मिलकर उस राशि को स्वीकृत किया जाए जिससे कि जो 18 गांव में अल्प वर्ष के कारण लगातार अकाल की मार झेलना पड़ता है उससे मुक्ति पा सके।सभी उपस्थित किसानों के द्वारा 20 जुलाई को किसान महापंचायत का आयोजन सांसद एवं विधायक की उपस्थिति में ग्राम तरजुगा में किया जाएगा। 18 ग्राम के सभी किसान प्रतिनिधियों से निवेदन है कि 20 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में आकर ग्राम तरजुगा में इस कार्यक्रम को सफल बनावे।कार्यक्रम में विशेष रूप से 18 ग्राम किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, महामंत्री मिंजून साहू, उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू, जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे, कामता साहू, नरोत्तम सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा नेतराम साहू, कृष्ण लाल साहू, पुनु राम साहू, कमल भारती, सरपंच सियाराम ध्रुव, दुकलहा साहू सहित 18 ग्राम के किसान प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे।

- 20 जुलाई को सांसद एवं विधायक की उपस्थिति में होगा किसानों की महापंचायत

---

**अपर कलेक्टर ने कार्यालयीन व्यवस्था सुदृढ़ करने कार्यालय प्रमुखों की ली बैठक**

# कमरों की सफाई कर सामान एवं उपकरणों को व्यवस्थित ढंग से रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित सभी शाखाओं में बेहतर कार्यालयीन व्यवस्था सुनिश्चित करने, आवश्यक रख रखाव एवं साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में अपर कलेक्टर अरविंद पांडे ने विगत दिवस संयुक्त जिला कार्यालय के सभी कार्यालय प्रमुखों की बैठक ली।

उन्होंने सभी शाखाओं में कार्यालयीन व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक कमरों की पूर्णतः साफ-सफाई करने, प्रत्येक कमरों में सामान एवं उपकरणों का व्यवस्थित ढंग से रख रखाव, सभी शाखाओं में फाईलों को आलमारी या रैक में विषयवार पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए। जिससे फाईलों की जरूरत होने पर तुरंत निकाल सके एवं पता चले कि शाखावार विषयवार कितनी फाईलें संधारित हैं व कहाँ पर रखा हुआ है। साथ ही आलमारीवार फाइलों को सूचीबद्ध भी करने के निर्देश दिए। साथ ही अपर कलेक्टर ने सभी शाखाओं के नस्तीबद्ध प्रकरण को 03 दिवस के भीतर अभिलेख कोष्ठ में जमा करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित कार्यालय अधीक्षक एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी कक्षों के बाहर सुस्पष्ट अक्षरों में शाखा का नाम लिखें एवं अंदर संबंधित प्रभारी लिपिक का नाम एवं पदनाम स्पष्ट रूप से टेबल में लिखा होना चाहिए। कार्यालय में जितने भी सामान उपकरण जैसे टेबल, कुर्सी, पंखा, कुलर, एसी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस स्कैनर आदि को सूचीबद्ध करें तथा पंजी संधारित करें कि कौन से कक्ष में कितना सामान उपकरण उपलब्ध है। कार्यालय परिसर, गैलरी, पोर्च, सीढ़ी, गार्डन, पार्किंग, बाउंड्रीवाल आदि चारों तरफ की पूर्णतः साफ-सफाई कराएं। शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी संबंधित विभागीय कक्ष के बाहर आवश्यक रूप से प्रदर्शित कराएं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम, सूचना का अधिकार, सिटीजन चार्टर आदि की नवीनतम पोस्टर एवं बैनर कार्यालय के मुख्य द्वार में प्रदर्शित कराएं। कार्यालय के मुख्य द्वार, कलेक्टर न्यायालय, अपर कलेक्टर न्यायालय तीनों जगहों में सूचना पटल लगाएं।

### पेयजल की निर्बाध व्यवस्था करें

अपर कलेक्टर ने सभी अधिकारी कर्मचारियों का कार्यालयीन परिचय पत्र जारी करने एवं सभी का प्रतिदिन कार्यालयीन परिचय पत्र लगाकर कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी टॉयलेट वाशरूम का पूर्णतः साफ-सफाई सुनिश्चित करने, पेयजल की व्यवस्था निर्बाध रूप से उपलब्धता, कार्यालय, पार्किंग, गार्डन, पोर्च, गैलरी आदि सभी जगहों की बिजली, लाईटें चालू हालात में क्रियाशील करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री पांडे ने उक्त सभी व्यवस्था 07 दिवस के भीतर पूर्ण कर अवगत कराने के निर्देश कार्यालय प्रमुखों एवं अधीक्षक को दिए।

## धुरसा स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन



**हरिभूमि कोपरा।** शनिवार को क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धुरसा में बाल कैबिनेट का गठन संस्था के प्रधान पाठक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। बाल कैबिनेट का गठन सर्वसम्मति से निम्न पदों का चुनाव किया गया। प्रधानमंत्री कुमारी शीतल, उपप्रधान मंत्री हर्ष कुमार, जलमंत्री लोचन कुमार, सांस्कृतिक मंत्री कुमारी नीलिमा ध्रुव, कुमारी उर्वशी, खेलमंत्री योगिता, द्रोणकुमार, अनुशासन एवं कानून मंत्री वर्षा, डेमेश, स्वच्छता मंत्री डोमेश्वरी, सुधांशू, पर्यवरण मंत्री आयुष कुमार, झरना, बालिका विकास मंत्री चित्रलेखा, स्वास्थ्य मंत्री नीलिमा सिन्हा, मानषी तथा कक्षा प्रतिनिधि के रूप कक्षा 6वीं से हेमन्त कुमार, चारुलता, 7वीं से अर्पिता, तुकेश कुमार, 8वीं से कुमारी खुशबू, मारुती नंदन का चुनाव किया गया। संस्था के शिक्षक दीनू राम निषाद के द्वारा सभी प्रतिनिधियों को उनके कर्तव्यो से अवगत कराया गया। देवेन्द्र कुमार साहू शिक्षक द्वारा सभी प्रतिनिधियों को शपथ दिलाया गया। इस गठन से बच्चों मे उत्साह का माहौल दिखा।

## खबर संक्षेप

### कार क्षतिग्रस्त चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम धामनतोरी के पास बस की ठोकर से मसाला व्यापारी की कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि हर्ष कुमार अग्रवाल पिता पवन अग्रवाल निवासी जामुल दुर्ग 12 जुलाई 2024 को भिलाई अपने निवास से व्यापार के संबंध में ऑर्डर लेने, वसूली करने स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 07 बीवाय 6471 से झलप होते हुए तेंदूकोना भुरकोनी जा रहा था। इसी दौरान धामनतोरी मोड़ के पास तेंदूकोना की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस क्रमांक सीजी 23 जी 3300 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक बस को चलाते हुए कार को सामने से ड्रायवर सीट की ओर ठोकर मार दिया। हादसे में किसी को चोट तो नहीं लगी, लेकिन गाड़ी के ड्रायवर साइड का दरवाजा, बोनट एवं इंजन को काफी क्षति पहुंची है।

### आइसक्रीम दुकान से 4 हजार की चोरी

**महासमुंद।** नगर के एक आइसक्रीम पार्लर में चोरी की घटना प्रकाश में आई है। सिटी कोतवाली में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 15 याकूब रजवानी मार्ग निवासी असपाक चौहान पिता सलीम चौहान की स्वामी चौक महासमुंद में आइसक्रीम पार्लर है।

**आयोजन :** लफंदी में मतदाता सम्मान समारोह में शामिल हुए सांसद रूपकुमारी व विधायक रोहित

# प्रधानमंत्री मोदी हर वर्ग के लिए कर रहे काम : सांसद रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र के लफंदी गांव में मतदाता अभिनंदन यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी शामिल हुई। सांसद रूपकुमारी ने कहा कि आप सभी के सहयोग आशीर्वाद एवं परिश्रम से ही देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन कर देश के प्रत्येक वर्ग के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। नारियों का सम्मान बढ़ाते हुए राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वल गैस के साथ प्रत्येक माह महतारी वंदन के तहत एक हजार रूपए महिलाओं के खाता में देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में अथक परिश्रम कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाया है। भाजपा सरकार बनने से देश एवं प्रदेश में सुशासन एवं



खुशहाली आई है। गरीब, किसान, महिलाओं एवं युवाओ के लिए विष्णु देव साय की सरकार विभिन्न योजना संचालित किया है जिससे हर वर्ग में खुशहाली है। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव ने भी संबोधित किया। जिला महामंत्री अनिल चन्द्राकर ने संचालन एवं आभार सरपंच इंद्राणी साहू ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गरियाबंद सुरेंद्र सोनटके,जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर,रामूराम साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, उपसरपंच नेहरू साहू, भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगी माखन कश्यप, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, मधु नत्थानी, खुशी साहू, गजेश्वर सिन्हा, गोपचंद बैनर्जी, टीकमचंद साहू, बिरेन्द्र साहू, हिरामन साहू, लालजी साहू, रूपेश्वर साहू, दीपक साहू, होरीलाल साहू, ओमकार साहू,मकसूदन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

### मतदाताओं का भाजपा गमछा से स्वागत

मतदाता सम्मान समारोह में राजिम विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सभी पांचों मंडल के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक रोहित साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू सहित पदाधिकारियों ने कार्यकर्ता, मतदाताओं का भाजपा गमछा एवं पुष्प से स्वागत एवं सम्मान किया।

# बारिश से किसानों के चेहरों पर रौनक, सड़कें जलमग्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र में शुक्रवार शाम रात और शनिवार दोपहर से शाम तक शुरू हुई झमाझम बारिश से पूरे क्षेत्र के खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है। बारिश से किसानों के चेहरों पर रौनक देखने को मिल रही है। इससे खेतों के साथ-साथ गांवों की सड़कें और आम रास्ते जलमग्न हो गए। इस बार बारिश देरी होने से किसान चिंतित थे। किंतु दो दिन की बारिश ने किसानों को राहत पहुंचाई है। किसान अब अपने खेतों में चलाई, रोपाई काम शुरू करने की तैयारी कर रहे है। झमझम बारिश से कई स्थानों में खेत खलिहान तालाब का रूप ले ली है। जरुवत से ज्यादा पानी होने से धान की फसल को नुकसान होने का भी डर किसानों को सता रहा है। तेज बारिश ने वातावरण को ठंढा तो किया साथ ही साथ किसानों की चिंता को भी दूर किया। किसानों को खेतों में पानी मिलने से खुशी तो दिख रही है परंतु इधर थोड़ी सी भी बारिश शुरू होने से बिजली विभाग की आंख मिचौली शुरू हो गई है। घंटों तक बिजली बंद कर दिया जा रहा है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर बारिश से सड़कों पर पानी भर गया है और राहगीरों को भारी दिक्कत होने लगी है सड़क में पानी जाम हो जाने से किसी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। संबंधित विभाग के लापरवाही के चलते राहगीरों को बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। बारिश से पहले पूरी तरह व्यवस्था दुरुस्त करना था लेकिन नहीं किया गया है।

# बारूला आयुष्मान मंदिर के कमरों में बारिश का पानी घुसा

हरिभूमि न्यूज छूईहा बेलर। प्राथमिकता स्वास्थ्य केंद्र का परिवर्तन कर अब केन्द्र सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम दिया है। बारूला के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तीन कमरा में शुक्रवार की बारिश का पानी भर गया है। यहां काम करने वाले तीनों कर्मचारी को परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या का हल करने कर्मचारी संरपंच, ग्राम प्रमुख, पूर्व सरपंच से गुहार लगाई। वहीं ग्रामीणों से चर्चा से पता चला कि बसंत ध्रुव बारूला ने इस परिषर के पास अतिक्रमण कर रखा है। पानी निकासी का मार्ग को अवरूद्ध कर दिया गया है जिससे जलजमाव कमरा के अन्दर तक प्रवेश हो गया है। कुर्सी, टेबल, पलंग के नीचे पानी आ गया



है। इसकी शिकायत तहसीलदार फिंगेश्वर खोमन ध्रव से किया था। उन्होंने निराकरण के लिए बारूला अस्पताल पहुंचे और अतिक्रमणधारी से निकासी के लिए जमीन मुक्त कराया गया। लेकिन उनके जाने के बाद समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई है। अब बड़ी समस्या डॉक्टर और मरीजों के लिए बन गया है। इलाज तो रुकेगा नहीं, ऐसे में पानी को निकालना सबसे जरूरी है। प्राथमिक इलाज उनकी कैसे करें, कमरा में पानी जो भरा है। पानी और कुछ दिन रहा तो नमी और सीलन के कारण संक्रमण का डर है। ऐसे में मरीज स्वस्थ होने के बजाय बीमार ही हो जाएंगे। तहसीलदार ने बारूला पहुंचकर समस्या का हल निकलने की बात कही है। आवश्यक हो तो पुलिस थाना फिगेंश्वर की सहायता ली जायेगी। इधर बीएमओ ने इसे गंभीरता नहीं लिया है। ये सब पंचायत और राजस्व का काम है। ज्यादा होगा तो वैकल्पिक कमरा दूसरा खोज लेंगे। खण्ड चिकित्सा अधिकारी विरेन्द्र हिरौदिया ने कहा पानी निकासी समस्या हल नहीं हुई तो बारिश के दिनों में वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे। वैसे अतिक्रमण पंचायत, राजस्व का मामला है। तहसीलदार फिगेंश्वर खोमन ध्रव ने कहा विगत दिनों इस समस्या का निकारण किया गया। यदि नहीं माने तो रविवार होने पर भी अस्पताल जैसी गंभीर विषय के लिए बारूला जाउंगा। आवश्यक हुई तो पुलिस की सहायता ली जायेगी।

# झमाझम बारिश से खेती किसानी में आई तेजी



**मुड़ागांव(कोरासी)।** आदिवासी अंचल के ग्राम मुड़ागांव, अकलवारा, फिंगेश्वरी, सोरिद खुर्द, अमेठी, कसेकेरा, साजापाली, भैरा, नवापारा,रानीपरतेवा, करकरा, कोरासी, करचाली,द्वारतरा, बम्हनी, कुरेकेरा, खड़म्मा, मड़ेली, पीपरहट्ठा, पीपरछेड़ी, कनेसर, बोईरगांव, पक्तियां, जुनवानी, लोहझर, खैरझिटी, ओनवा, रवेली, आदि ग्रामो में आषाढ़ महिने के आधार पखवाड़े के शुक्रवार शाम से देर रात्रि तक झमाझम गरज चमक ठण्डी हवाओं के साथ झमाझम बारिश होने से किसानों के चेहरों पर रौनक लौट आना आषाढ़ निकल जाने पर पहली बार झमाझम बारिश होने से खेती किसानी के काम काज में तेजी आई है। सभी लोग अपने अपने खेती-बाड़ी कार्य में लगे हुए हैं। आषाढ़ महीने जेठ जैसे तेज धूप उमस गर्मी ने लोगों का हाल-बेहाल हों गया था लेकिन शुक्रवार शाम होते ही देर रात्रि तक झमाझम बारिश होने से लोगों को गर्मी उमस से राहत मिला। शुक्रवार रात्रि मे लग भग दो तीन घंटे झमाझम बारिश हो ने से खेत खार पानी से लबालब भर गई है और किसान सुबह से अपने खेती किसानी का कार्य में लग गए हैं।




